## खेत में बिजली गिरी, जनपद सदस्य के पति की मौत

▶ मूंग फसल की रखवाली करने गए किसान पर टूटा कुदरत का कहर



**छतरपुर, 8 मई. छतरपुर जिले के कदवां गांव में एक दुखद हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया है. यहाँ आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किसान की जान चली गई. मृतक रामदीन उर्फ झगड़ा रैकवार (60 वर्ष), बरेठी वार्ड नंबर 8 की जनपद सदस्य रम्बू रैकवार के पति थे.**

### क्या है पूरी घटना ?

रामदीन रैकवार गुरुवार शाम को अपने खेत पर मूंग की फसल की रखवाली करने गए थे. इसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ा और आंधी के साथ आकाशीय बिजली सीधे उन पर गिर गई. बिजली का झटका इतना भीषण था कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया. जब वे देर रात तक घर नहीं लौटे, तो घरवालों ने तलाश शुरू की, जहाँ खेत पर उनका शव मिला.

### गमगीन हुआ इलाका

शुक्रवार सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है. एक जनप्रतिनिधि के परिवार में हुए इस हादसे से पूरे कदवां और बरेठी क्षेत्र में शोक की लहर है. गांव के लोग इस घटना को बड़ी क्षति बता रहे हैं.

### मुआवजे की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को प्राकृतिक आपदा के तहत उचित मुआवजा दिया जाए. राजस्व विभाग ने मामले का पंचनामा तैयार कर लिया है और पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. बेमौसम बारिश और आसमानी बिजली ने एक बार फिर किसानों की सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी है.

## बारातियों पर हमला, मोबाइल लूटे



▶ बदमाशों ने दूल्हे की गाड़ी, डीजे में की तोड़फोड़

▶ बारातियों से की मारपीट

**चंदला, 8 मई.** चंदला थाना अंतर्गत कंचनपुर के पास 7 मई गुरुवार की रात करीब 9 बजे एक बारात पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया. जानकारी के अनुसार सिमरदा से दौलतपुर जा रही बारात की गाड़ी को करीब 10-12 लोगों ने रोक लिया. इसके बाद दूल्हे की गाड़ी और डीजे में जमकर तोड़फोड़ की गई, वहीं बारातियों के साथ मारपीट भी की गई. आरोप है कि हमलावर मोबाइल और अन्य सामान भी छीनकर ले गए. घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी है, और पुलिस मामले की जांच में जुट गई.

## स्कॉर्पियों ने वाहन को टक्कर मारी, एक की मौत

▶ दो लोग गंभीर घायल, नौगांव रोड पर हुआ हादसा



**छतरपुर, 8 मई. छतरपुर के नौगांव रोड पर शुक्रवार सुबह स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े एक लोडर वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.**

लोडर वाहन में बकरियां भरी हुई थीं. वाहन चालक सल्लू रास्ते में शौच के लिए वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर नीचे उतरा था. इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सीधे लोडर से जा टकराई. टक्कर इतनी तेज थी कि लोडर में बैठे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला. हादसे में शाहबाज की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं शिवम खटीक और बुद्धू खटीक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. चालक सल्लू वाहन से नीचे होने के कारण सुरक्षित बच गया. घटना के बाद स्कॉर्पियो सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया नगर भ्रमण

**सीहोर.** गत दिवस नवागत पुलिस अधीक्षक सुश्री सोनाक्षी सक्सेना ने पदभार ग्रहण करने के बाद थाना कोतवाली का निरीक्षण किया एवं लंबित मामलों, अपराध, चालान, मर्ग आदि का अवलोकन किया. इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक सुश्री सक्सेना द्वारा शहर के मुख्य मार्ग कोतवाली से तहसील चौराहा तक पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इस मौके पर एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण चढोकर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद्र यादव, यातायात प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ मौजूद थे.

## डिजिटल जनगणना में बारीगढ़ की टीम ने मारी बाजी

▶ सभी 16 ब्लॉकों का एचएलबी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न

▶ कलेक्टर ने फील्ड टीम की कार्यशैली को सराहा





**छतरपुर, 8 मई.** छतरपुर जिले में आगामी जनगणना 2027 के प्रारंभिक चरण के तहत मकानों की गणना और सूचीकरण कार्य में नगर परिषद बारीगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल के निर्देशन में बारीगढ़ नगर परिषद ने निर्धारित समय सीमा से पहले अपने सभी 16 एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है.

इस अभियान का संचालन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बलवीर रमन एवं चार्ज अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में किया गया. जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने डिजिटल माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे कर प्रत्येक भवन की जानकारी एकत्रित की. नगर परिषद बारीगढ़ जिले के उन क्षेत्रों में शामिल हो गया है, जहां जनगणना का प्रारंभिक कार्य सबसे पहले पूरा हुआ है. प्रशासन द्वारा डेटा की शुद्धता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके चलते फील्ड टीम ने जिम्मेदारी के साथ कार्य को अंजाम दिया.

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि बारीगढ़ मॉडल जिले के अन्य नगरीय निकायों और तहसीलों के लिए प्रेरणा बनेगा. प्रशासन अब अन्य क्षेत्रों में भी इसी गति से कार्य पूर्ण कराने के प्रयास में जुटा हुआ है.

## फेसबुक पर बधाई देना युवक को पड़ा भारी

▶ गंगायच में युवक और उसके परिवार पर हमला



**छतरपुर, 8 मई. जिले के गंगायच गांव में फेसबुक स्टेटस पर बधाई देना एक परिवार के लिए भारी पड़ गया. शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे गांव में उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया.**

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि फेसबुक पर किसी को बधाई देने को लेकर कुछ दबंग नाराज हो गए और उन्होंने प्रकाश कुशवाहा, उनके भाई तथा सुनील अहिरवार पर हमला कर दिया. आरोप है कि हमलावर कुल्हाड़ी, डंडों और पत्थरों से लैस होकर पहुंचे और तीनों के साथ बेरहमी से मारपीट की. हमले में प्रकाश कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके सिर और शरीर पर गहरी चोटें आई हैं. डॉक्टरों के अनुसार उन्हें करीब 25 टांके लगाए गए हैं. वहीं अन्य घायलों को भी चोटें आई हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## शिविर में 84 कर्मचारियों को समयमान-वेतनमान का लाभ

▶ कलेक्टर ने कहा समयमान-वेतनमान अधिकारी-कर्मचारियों का हक



**छतरपुर, 8 मई. छतरपुर जिले में 5 वर्षों से लंबित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जिसमें (भृत्य, लिपिक, वाहन चालक) के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समयमान-वेतनमान के प्रकरणों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए निराकरण कर बड़ी राहत प्रदान की है.**

कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा लगभग एक माह पूर्व कलेक्टर से मुलाकात कर समयमान वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग की गई थी.

कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में एक समिति गठित की. जिसमें सदस्य के रूप में डीओ ट्राईवल, जिला पेंशन अधिकारी एवं प्रबंधक ई-गवर्नेंस शामिल हैं . समिति ने कड़ी मेहनत कर तत्कालीन अधिकारियों जिनमें अन्य जिलों में पदस्थ कलेक्टर, अपर कलेक्टर से बात कर कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन मंगाकर दस्तावेजों का परीक्षण किया. कलेक्टर के निर्देशन में समिति द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 से 25 दिनों के भीतर ही परीक्षण पूर्ण कर समयमान वेतनमान के आदेश जारी किए गए. समिति ने प्राप्त 101 आवेदनों पर विचार किया, जिनमें से 84 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ स्वीकृत किया. इससे प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिमाह लगभग 2 से 4 हजार रुपये तक का आर्थिक लाभ प्राप्त होगा.

कलेक्टर द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मचारी कल्याण शिविर आयोजित कर कर्मचारियों को उनके अधिकारों का लाभ दिलाया गया. इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि समयमान वेतनमान अधिकारी एवं कर्मचारियों का अधिकार है और पात्र कर्मचारियों को इसका लाभ समय पर मिलना चाहिए. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे.

## 7 .31 लाख की सीसी सड़क निर्माण में धांधली के आरोप



▶ बलकौरा पंचायत का मामला, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

चंदला, 8 मई. जनपद पंचायत लवकुशनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बलकोरा में विकास कार्यों की गुणवत्ता एक बार फिर कटघरे में है। यहां 7.31 लाख रुपये की लागत से बन रही सीसी सड़क में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया है.

मामला बलकौरा गांव का है, जहां नहर के पास मेन रोड से शांति धाम तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में गुणवत्ता का 'रत्ती भर भी ध्यान नहीं' रखा जा रहा है और यह सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ की उखड़ने की कगार पर है.

### डस्ट से निर्माण, सीमेंट-गिट्टी नाममात्र

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है. उनका आरोप है कि डस्ट का अधिक उपयोग किया जा रहा है, सीमेंट की मात्रा बेहद कम रखी गई है, निर्माण की मजबूती पूरी तरह संदिग्ध है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो महज एक महीने के भीतर सड़क उखड़ जाएगी. ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर मनमानी के आरोप लगाते हुए बताया कि निर्माण कार्य में वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा, बेस लेयर नाम मात्र का ही निर्माण किया जा रहा है
निर्धारित 1:3:6 रेशियो (40 एमएम गिट्टी) की जगह 1:1:10 का कमजोर मिश्रण इस्तेमाल हो रहा है ऊपरी परत में भी 1:2:4 (20 एमएम गिट्टी) का मानक मिश्रण नहीं डाला जा रहा
ग्रामीणों का आरोप है कि पूरा निर्माण कार्य कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया है. सरपंच-सचिव की मिलीभगत से घटिया निर्माण कराया जा रहा है, उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है. इधर, लवकुशनगर जनपद सीईओ भारती ठाकुर का कहना कि आपके द्वारा जानकारी दी गई है उपयंत्री को भेजकर जांच करवाते है कार्रवाई की जाएगी.

## खराब रिजल्ट पर प्राचार्यों पर कार्रवाई के निर्देश, बीईओ को नोटिस

▶ कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



**छतरपुर, 8 मई.** जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई. बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों के खराब परीक्षा परिणाम, नामांकन में कमी और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही को लेकर सख्त तेवर दिखाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा के स्तर और प्रशासनिक कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

**खराब रिजल्ट पर कार्यवाही और नोटिस-** कलेक्टर ने वर्ष 2025-26 के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कम स्कोर वाले विद्यालयों के प्राचार्यों पर कार्रवाई के निर्देश दिए. मॉनिटरिंग में लापरवाही बरतने पर राजनगर और बड़ामलहरा बीईओ को शोकॉज (कारण बताओ) नोटिस जारी किया गया. वहीं, नामांकन और सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन पर नौगांव बीईओ की एक वेतन वृद्धि रोकने के लिए नोटिस देने के निर्देश दिए.

**नामांकन और पाठ्य पुस्तक वितरण पर जोर-** कलेक्टर ने छतरपुर, बड़ामलहरा और बारीगढ़ ब्लॉक में कक्षा 1 के छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए आंगनवाड़ियों और चाइल्ड ट्रेकिंग ऐप की मदद लेने को कहा. उन्होंने नौगांव और लवकुशनगर में पाठ्य पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने और एफएलएन पुस्तकों का उपयोग अनिवार्य करने के निर्देश दिए. साथ ही गौरिहार और राजनगर बीईओ को यू-डाइस पोर्टल पर स्कूलों की जीयो टैगिंग का कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया.

शक्ति प्रदर्शन

बोले- '50 क्या 1000 एफआईआर भी हो जाए, किसानों की आवाज़ नहीं दबेगी'

## किसानों के समर्थन में छतरपुर पहुंचे विक्रांत भूरिया

**छतरपुर, 8 मई. केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित किसानों की लड़ाई अब और तेज होती नजर आ रही है. शुक्रवार को आदिवासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया विस्थापित किसानों के समर्थन में छतरपुर पहुंचे. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और शहर में एक विशाल बाइक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया.**



**बाइक रैली और बाबा साहब को नमन-** युथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा और एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य रैली निकाली. भगवा तिराहा पहुंचने पर विक्रांत भूरिया और यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह परमार का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया. इसके बाद रैली गाजे-बाजे के साथ पन्ना नाका पहुंची, जहाँ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. विस्थापित किसानों के पक्ष में बड़ा बयान देते हुए विक्रांत भूरिया ने कहा, 'किसानों के हक की लड़ाई लगातार जारी रहेगी. प्रशासन ने 50 लोगों पर एफआईआर की है, अगर 1000 लोगों पर भी एफआईआर हो जाए तो हम तैयार हैं. हम पीड़ित परिवारों और किसानों की आवाज उठाना बंद

### अमित भटनागर को नजरबंद करने पर नाराजगी

कार्यक्रम से पहले कांग्रेस नेता अमित भटनागर को पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने पर विक्रांत भूरिया और अन्य नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताई. कांग्रेस नेताओं ने इसे प्रशासन की तानाशाही करार देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से उठने वाली जनता की आवाज को दबाने का प्रयास कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## स्कॉर्पियो ने लोडर ऑटो में मारी टक्कर

**छतरपुर, 8 मई. छतरपुर जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. पन्ना रोड पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने सामने से आ रहे लोडर ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**





हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है.

घटना की सूचना मिलते ही ओरछा रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की.

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया. सीएसपी ने शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे जानकारी देते हुए बताया कि फरार स्कॉर्पियो और उसके चालक की तलाश की जा रही है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने में जुटी हुई है.